लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1241

01 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

चीनी इस्पात का आयात

1241. श्री जैदेव गल्ला:
श्री उदय प्रताप सिंह:
श्री विनायक भाऊराव राऊत:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चीन से सस्ते घटिया किस्म के आयात के कारण स्वदेशी इस्पात उत्पादन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष के दौरान चीन से कितनी मात्रा में इस्पात का आयात किया गया;

(ग) क्या इस संबंध में इस्पात विनिर्माताओं और अन्य हित धारकों के साथ कोई विचार-विमर्श हुआ है;

(घ) यदि हां, तो इसके परिणाम क्या हैं; और

(ङ) इस आयात से घरेलू इस्पात उद्योग के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): इस्पात के आयात और उत्पादन के आंकड़े नीचे दिये गये है:-

कुल फिनिश्ड इस्पात का आयात (एलॉय + गैर-एलॉय) (एमटी)			
देश	अप्रैल-अक्तूबर, 2014*	अप्रैल-अक्तूबर, 2013	गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन *
चीन	1.703	0.731	133
समग्र	4.741	3.382	40
स्रोत : जेपीसी; * अनंतिम			

कुल फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन (एलॉय + गैर-एलॉय) (एमटी)		
अप्रैल-अक्तूबर, 2014*	अप्रैल-अक्तूबर, 2013	% वृद्धि
50.56	49.45	2.3

स्रोत : जेपीसी; * अनंतिम

(ग) से (ङ.): इस्पात के आयात और निर्यात तथा घरेलू इस्पात उद्योग के समग्र उत्पादन से संबंधित आंकड़ों का सतत आधार पर विश्लेषण किया जाता है और हित धारकों के साथ परामर्श करके सुधारात्मक उपायों, जब भी अपेक्षित हो, की सिफारिश की जाती है।

***